हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार,23 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 14.5 डिग्री
न्यूनतम 4.9 डिग्री

12 मेयर शक्ति रानी ने कई कार्यक्रमों में लिया हिस्सा



12 माता बाला सुंदरी में लाइव हुआ कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलने के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सरेआम सट्टा खेल रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2060/-रूपये बरामद किए थे।

### 32 वाहनों के किए गए चालान

**अंबाला।** पुलिस की ओर से लेन नियम तोड़ने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को पुलिस की ओर से ऐसे 32 वाहनों के चालान किए गए। अब तक पुलिस की ओर से ऐसे 30 हजार से ज्सादा वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। एसपी की ओर से लेन तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

### पर्स छीनने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नांगल खेड़ी में सुनीता पत्नी पंकज निवासी विकास नगर, पानीपत से पर्स छीनने वाले आरोपी मोहित पुत्र बिजेंद्र निवासी गांव ग्वालड़ा जिला पानीपत को विकास नगर रेलवे अंडर पास के नजदीक से गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि स्नेचिंग की वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में विकास नगर निवासी महिला सुनीता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### पानीपत में राज्यपाल फहराएंगे तिरंगा

**पानीपत।** पानीपत शिवाजी स्टेडियम के प्रांगण में बुधवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं गणतंत्र दिवस पर हरियाणा के राज्यपाल शिवाजी स्टेडियम में तिरंगा फहराएंगे।

# शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों ने मोहा लोगों का मन, श्रीराम के लगे जयघोष

## श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर रादौर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को रादौर में स्थानीय लोगों का उत्साह चरम पर था। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में दीवाली जैसा माहौल देखा गया। स्थानीय लोगों ने शहर के मेन बाजारों व घरों पर सनातन धर्म के झंडे लगाकर खुशियां मनाई। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में स्थानीय लोगों की ओर से विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में निकाली गई प्रभु श्रीराम, सीता व लक्ष्मण की आकर्षक झांकियों ने लोगों को मन मोह लिया।

■ शोभायात्रा का स्थानीय लोगों ने जगह जगह फुलमालाओं व बैंड बाजो से स्वागत किया

शोभायात्रा कस्बा रादौर के बुबका रोड से शुरू हुई। इस दौरान शोभायात्रा में लगभग दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा का स्थानीय लोगों ने जगह जगह फुलमालाओं व बैंड बाजो से स्वागत किया। शहर के एसके रोड पर दुकानदारों ने भंडारा लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया। शहर के नगरपालिका रोड पर संदीप शर्मा, राजेश बत्रा आदि दुकानदारों ने शोभायात्रा का स्वागत कर उन्हें प्रसाद वितरित किया। नगरपालिका रोड पर ही कुम्हार धर्मशाला के पास बिरादरी के लोगों ने प्रधान देशराज प्रजापत के नेतृत्व में शोभायात्रा का फुलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। वहीं, रोटरी क्लब की ओर से प्रधान मंजीत सिंह, पूर्व प्रधान पुनीत गर्ग, पूर्व प्रधान विपिन शर्मा, पूर्व प्रधान एडवोकेट अजय शांडिल्य, दारी मनचंदा, पूर्व प्रधान रामकुमार वर्मा, आशु वर्मा आदि सदस्यों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। मेन बाजार में सामाजिक कार्यकर्ता भीम सिंह राठी, सुमित गर्ग, सुमित वालिया, मास्टर बालकिशन, नंदलाल जोगी आदि ने शोभायात्रा का स्वागत किया।



यमुनानगर के रादौर में आयोजित शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ श्रीराम का जयघोष करते हुए।

### दुकानदारों ने शोभायात्रा पर फुल बरसाए

शहर के गीता बाजार में समाजसेवी मुकेश अरोड़ा मक्की व अन्य दुकानदारों ने भंडारा लगाकर शोभायात्रा में आए श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरित किया। शहर के कॉलेज रोड पर स्थित श्रीबालाजी मंदिर सेवा समिति की ओर से प्रधान राजीव आर्य सन्नी, अनिल मुंजाल, विनोद राणा, नीरज बबलू व रूलिया नामदेव के नेतृत्व में सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरित किया। शहर के मेन बाजार में दुकानदारों ने शोभायात्रा पर फुल बरसाए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी के अलावा हनुमान जी की झांकी सजाई गई थी। देर शाम तक शोभायात्रा का शहर में आयोजन किया गया। शोभायात्रा के दौरान शहर जय सियाराम के जयघोष से गुंजता रहा।



कैप्शन : पूजा अर्चना करते हुए चांसलर तरेसम गर्ग व अन्य प्रबंधन सदस्य।

# एमएमयू विश्वविद्यालय में की राम की पूजा अर्चना

## भगवान राम हमारे आदर्श : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महर्षि मार्केंडेश्वर विश्वविद्यालय में राम मंदिर के अभिषेक समारोह को लेकर एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम परिसर में उत्साह, आध्यात्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के मिश्रण के साथ आयोजित हुआ। इस उत्सव में एमएम यूनिवर्सिटी के चांसलर तरसेम गर्ग व वाइस प्रेसिडेंट विशाल गर्ग ० ट्रस्टी मीनाक्षी गर्ग ने छात्रों और शिक्षकों के साथ अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ, हवन पूजा और शोभा यात्रा में भाग लिया व पूजा अर्चना की। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के चांसलर तरसेम गर्ग ने कहा की भगवान राम हमारे आदर्श हैं। हिंदू संस्कृति में उन्हें बड़ी श्रद्धा से पूजा जाता है।

■ हिंदू संस्कृति में राम बड़ी श्रद्धा से पूजा जाता

# आपात स्थिति से निपटने क लिए पुलिस की ओर से गठित की गई चार कंपनियां

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

आपात स्थिति से निपटने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अब पुलिस ने अल्फा, बरेवो, चार्ली व डेल्टा नामक की विशेष 4 कंपनियों का गठन किया है। प्रत्येक कंपनी में 107-107 कुल 428 जवानों को नियुक्त किया गया है। गठित की गई कंपनियों में नियुक्त किए गए सभी जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण दौरान एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने स्वयं पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण के दौरान जवानों ने गैस गन फायर, टीयर गैस फायर, स्टेनसैल फायर, एंटी रॉयट गन फायर, रबर बुलेट फायर कर वज्रा व वाटर कैनन को भी इसमें शामिल किया गया। प्रशिक्षण में अत्याधुनिक राइफल जेवी पीसी, सिग, असाल्ट राइफल के साथ एके-47, 12 बोर पंप एक्शन गन, एमएसएल, एसएलआर व मल्टी बैरल लांचर के चलाने व रख-रखाव बारे विशेष प्रशिक्षण दिया गया। एसपी ने कहा कि ने कहा कि पुलिस आपकी सेवा, सुरक्षा व सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

■ प्रत्येक कंपनी में 107-107 जवानों को नियुक्त किया



अंबाला। प्रशिक्षण के दौरान रखे हथियार। फोटो : हरिभूमि

# नशीला पदार्थ रखने के मामले में दोषी को कैद

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र श्री अमरिन्द्र शर्मा की विशेष अदालत 1985अन्तर्गत एनडीपीएस एक्ट ने नशीला पदार्थ रखने के मामले में दोषी शशि उर्फ सुशील पुत्र शिव दयाल वासी इंद्रा कालोनी शौरगिर बस्ती थानेसर कुरुक्षेत्र को 2 साल कठोर कारावास व 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। सहायक जिला न्यायवादी कर्मबीर ने बताया कि 14 मार्च 2019 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के उप निरीक्षक सुभाष चन्द की टीम अपराध की तलाश व गस्त के सम्बन्ध में मोहन नगर कुरुक्षेत्र से होते हुए नजदीक कण्डा चौंक शौरगिर बस्ती के सामने सडक पर पहुंची। पुलिस टीम ने शक के आधार पर गोल बैंक चौंक की तरफ से पैदल आ रहे शशि उर्फ सुशील पुत्र शिव दयाल वासी ईन्द्रा कालोनी शौरगिर बस्ती थानेसर कुरुक्षेत्र को काबू करके शक के आधार पर चेक किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना शहर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके ने अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक प्रेम चन्द ने आरोपी शशि उर्फ सुशील को मामले में गिरफ्तार कर लिया था व आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

### हादसे में मृत्यु मामले में आरोपी को कारावास की सजा

कुरुक्षेत्र। जिला कुरुक्षेत्र के ज्युडिशियल मैजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजलि नरवाल की अदालत ने चालक की लापरवाही से सडक दुर्घटना में मृत्यु करने मामले में दोषी सतबीर सिंह पुत्र जिले सिंह वासी भवानीखेडा जिला भिवानी को 1 साल कारावास व 1 हजारजुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी ने बताया कि गुरनाम सिंह पुत्र हरि राम वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दिए अपने ब्यान में बताया कि वह 28 सितम्बर 2017 को समय करीब 10-30 सुबह के निजी काम से बाइक पर बारना से कुरुक्षेत्र जा रहा था। उसके आगे उसका लडका अभिषेक बाइक नम्बर एचआर-05ई-8781 पर जा रहा था। ढाण्ड रोड पर खानपुर रोडान के नजदीक बाजीगर डेरा के पास पीछे से एक ट्राला एनएल-01एन-5830 के ड्राईवर ने अपने ट्राले को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाकर सीधी टक्कर उसके लडके अभिषेक की बाइक में मारी। टक्कर लगते ही बाइक सहित उसका लडका अभिषेक ट्राले के टायरों में घिसटता हुआ काफी दूर तक गया। ट्राला चालक ने उसके लडके को बाइक सहित कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। चालक अपने ट्राले को मौका पर छोडकर भाग गया।

### ट्रांसफार्मर सामान चोरी मामले में आरोपियों को सजा

कुरुक्षेत्र। जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र आशु कुमार जैन की अदालत ने रास्ता रोककर असला से फायर करके लूट के तीन आरोपियों नरेन्द्र कुमार पुत्र पूर्ण चन्द वासी बुबका थाना रादौर जिला यमुनानगर, पवन कुमार उर्फ सोनू राणा पुत्र आनन्द कुमार वासी मंगलपुरी मेरठ कैन्ट यूपी व आदित्य उर्फ अजय उर्फ हिटलर पुत्र सुरेन्द्र सिंह वासी काजमाबाद गून जिला मेरठ यूपी को 10/10 वर्ष कठोर कारावास व 25/25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# पानीपत जिला जेल में बंद चोरी के आरोपी की मौत

## हवालाती लंबें समय से बीमार चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला जेल में बंद हवालाती सोमनाथ पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी गांव खरीका जलालपुर, तहसील सरधना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश की की मौत हो गई। हवालाती सोमनाथ लंबें समय से बीमार चल रहा था। वहीं सोमनाथ का पानीपत के सिविल अस्पताल से उपचार चल रहा था। सोमवार को सोमनाथ की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे तत्काल पानीपत के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने जांच के बाद सोमनाथ के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया और उसके परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी।

इधर, सोमनाथ सन् 2017 में पानीपत के चांदनीबाग थाना क्षेत्र के एक मकान में हुई चोरी के मामले में विचाराधीन था।

### शराब ठेके के सेल्समैन से नगदी व मोबाइल लूटा

**पानीपत।** पानीपत के गांव बुडश्याम मोड पर स्थित शराब के ठेके के सेल्समैन बंसीलाल के साथ 20 जनवरी की रात को तीन बदमाशों ने मारपीट की और उसकी आंखों में मिर्ची डाल कर गल्ले में रखे पांच हजार रूपये की नगदी व उसका मोबाइल फोन सैट लेकर फरार हो गए। वहीं इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में बंसीलाल ने बताया कि वह रात को लघुशंका के लिए ठेके से बाहर आया था, इस दौरान तीन लोगों नेउसके उपर चादर डाल और उसकी आंखों में मिर्ची डाल कर पीटा व नगदी लूट कर ले गए।

■ आंखों में मिर्ची डाल कर की लूटपाट

# हरे कृष्णा स्कूल पर सीएम फ्लाइंग की रेड

## घोषित सरकारी अवकाश के दिन खुला मिला स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री के उडन दस्ते यानि सीएम की टीम ने समालखा कस्बा में गढ़ी छाजू रोड स्थित हरे कृष्णा इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रेड की। जहां टीम को उक्त स्कूल में कक्षाएं लगती मिलीं। हालांकि, हरियाणा सरकार ने सोमवार को अध्योध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छुट्टी घोषित की हुई थी। इसके बावजूद स्कूल में विद्यार्थियों को बुलाया गया था। इधर, सीएम फ्लाइंग की टीम स्कूल के मुख्य द्वार पर पहुंची तो स्कूल संचालक द्वारा दोनों गेटों को बंद किया हुआ था। संचालक को बार-बार सूचना देने के बाद भी काफी देरी से गेट खोले गए और आनन-फानन में स्कूल संचालक द्वारा छुट्टी कर दी गई। वहीं सीएम फ्लाइंग की टीम ने स्कूल के अंदर प्रवेश किया तो उस समय स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल पाया गया। स्कूल संचालक द्वारा जल्दी-जल्दी बच्चों व अध्यापकों को स्कूल बसों में बैठाया जा रहा था। जिस पर टीम द्वारा मौके की वीडियो व फोटो लिए गए। स्कूल में सुभाष वर्मा मैनेजर हाजिर मिला। वहीं सीएम फ्लाइंग ने सुभाष वर्मा से हरियाणा सरकार के आदेशों की अवहेलना कर स्कूल में सोमवार को शिक्षण कार्य चालू रखने के बारे में पूछा गया तो स्कूल का प्रबंधक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। वहीं सीएम फ्लाइंग की जांच में 22 जनवरी को कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थी स्कूल में मिले । जबकि 66 अध्यापक व अन्य 22 स्टाफ सदस्य हाजिर पाए गए। वहीं सीएम फ्लाइंग ने पानीपत के जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की सिफारिश की है।

■ डीईओ को स्कूल प्रशासन पर सख्त कार्रवाई की सिफारिश की

# अमेरिका भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल पुलिस ने अमेरिका भेजने के नाम पर करीब 16 लाख की धोखाधड़ी करने के रूप में एक युवक को काबू किया है। अदालत ने युवक को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। थाना सेक्टर 32,33 की टीम द्वारा प्रबंधक थाना एसआई सलिंदर और एएसआई आनंद प्रकाश की अध्यक्षता में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी रजत बुटानी पुत्र राजेश कुमार वासी 608, आदर्श नगर करनाल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता आशीष वासी सेक्टर 32 करनाल ने शिकायत दी थी कि आरोपी रजत वासी करनाल ने मुझे और मेरे दोस्त विशु चौधरी को अमेरिका भेजने का आश्वासन देकर हमसे पौने सोलह लाख की धोखाधड़ी की है। शिकायत के आधार पर नामजद आरोपी की खिलाफ थाना सेक्टर 32,33 में मामला दर्ज किया गया था। मामले में तुरंत कार्यवाही करते हुए एएसआई आनंद प्रकाश थाना सेक्टर 32,33 द्वारा आरोपी रजत को गिरफ्तार कर रिमांड हासिल किया गया है।

■ पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया

**चिंता**

**गेहूं की फसल पर प्रति क्विंटल पांच सौ रुपये बोनस दिए जाने की मांग**

पिछले एक महीने से सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ रहा

# आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और बारिश नहीं होने से किसानों ने जताई गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सर्दी के मौसम में बारिश नहीं होने और पिछले करीब एक महीने से आसमान में छाए धुंध के बादल और अच्छी धूप नहीं खिलने से गेहूं की पैदावार को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि अबकी बार सर्दी के मौसम में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है और महीना भर से अच्छी धूप नहीं खिल रही है। जिसकी वजह से अगेती व पछेती गेहूं की फसल में ग्रोथ नहीं हो सकी है। उन्हें आशंका है कि इस बार गेहूं की पैदावार कम होने से उन्हें आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ सकता है।

किसान प्रदीप कुमार, जसमेर सिंह, राजबीर सिंह, तिलकराज, राकेश, विक्रांत व श्याम लाल आदि का कहना है कि किसानों को जहां फसलों के लागत के अनुरूप दाम नहीं मिल रहे हैं। वहीं, मौसम भी उनके साथ बेरूखी करने लगा है। इसका उदहारण यह है कि इस बार सर्दी के मौसम में जहां बारिश नहीं हुई है। वहीं, जिस समय गेहूं के ग्रोथ करने का समय था उस समय अच्छी धूप नहीं खिल रही है। आलम यह है कि पिछले एक महीने भर से सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ता रहा और आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने से धूप नहीं निकल रही है।

मौसम में सुखी ठंड बनी हुई है। जिसकी वजह से गेहूं की अगेती व पछेती फसल अभी तक पूरी तरह ग्रोथ नहीं कर सकी है। जिससे गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका बन गई है। किसानों ने प्रदेश सरकार से किसानों की समस्या को देखते हुए इस बार गेहूं की फसल पर प्रति क्विंटल कम से कम पांच सौ रुपये बोनस दिए जाने की मांग की।



यमुनानगर क्षेत्र में खेत में खड़ी हुई अगेती गेहूं की फसल।

### लागत के अनुरूप गेहूं के दामों में बढ़ोतरी करे सरकार

भाकिसं के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि इस बार मौसम गेहूं की फसल के अनुकूल नहीं चल रहा है। सर्दी का मौसम अब बीतने को है और कुछ ही दिनों में बसंत ऋतु शुरु हो जाएगी। गेहूं की फसल सर्दी के मौसम में ग्रोथ करती है। मगर इस बार सर्दी के दिसंबर व जनवरी माह में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। जिससे गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका है। उन्होंने सरकार से लागत के अनुरूप गेहूं के दाम दिए जाने या फिर बोनस दिए जाने की मांग की है।

# फर्जीवाड़ा करके एक व्यक्ति से नगदी समेत ठग लिया करोड़ों का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फर्जीवाड़ा करके चार लोगों ने एक व्यक्ति से 70 लाख 49 हजार रुपये व करीब ढ़ाई करोड़ा रुपये का सामान हड़प लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अपर्णा बेरी, नरेंद्र कुमार, हितेंद्र झा व दीपू रंजन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी पंकज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में वह अपने दोस्त भंवर सिंह के माध्यम से अपर्णा बेरी से मिला था। इसके बाद अपर्णा बेरी ने उसे नई दिल्ली निवासी नरेंद्र कुमार ,हितेंद्र झा व दीपू रंजन से मिलवाया। आरोपियों ने उसे सोनोवाल कछारी ऑटोनॉमस काउंसिल डिब्रूगढ़ असम के सप्लाई आर्डर दिलवाए जाने का भरोसा दिलवाया। जिसकी ऐवज में वह उससे कुल कीमत का 10 प्रतिशत कमिशन रुपये लेने की बात कही और 5 प्रतिशत एडवांस सिक्योरिटी के रूप जमा करने के लिए कहा। आरोपियों ने माल भुगतान की कीमत दिलवाने की भी जिम्मेदारी ली। उसने बताया कि आरोपियों ने उसे सप्लाई आर्डर दिलवाने के बदले 70 लाख 49 हजार रुपये आरटीजीएस के माध्यम से अपर्णा बेरी के खाते में डलवा लिए। इसमें से कुछ पैसे नकद दिए गए। इसके बाद आरोपियों ने उसे वूलन कंबल के आठ हजार पीस व तीन हजार स्कूल बैग पीस का आर्डर दिया। उन्होंने यह सारा माल फरवरी 2021 में सप्लाई कर दिया। आरोपियों ने उन्हें पांच सप्लाई आर्डर दिलवाए। उसने करीब ढ़ाई करोड रुपये का माल आरोपियों को सप्लाई कर दिया। आरोपियों ने सप्लाई किए हुए माल की कीमत एक माह में दिलवाने का आश्वासन दिया। मगर इसके बाद आरोपियों ने उनकी पेमेंट नहीं दिलवाई। जब वह आरोपियों से बात करते तो आरोपी टाल मटोल करने लगे। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस पुलिस ने चारों आरोपियों आरोपी अपर्णा बेरी, नरेंद्र कुमार, हितेंद्र झा व दीपू रंजन के खिलाफ के खिलाफ धारा 406, 419 व 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**खबर संक्षेप**

## सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। गांव हरिपुर जट्टान निवासी धर्मवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई जसबीर रविवार को बाइक पर किसी काम से जा रहा था। गांव केल के पास ट्रैक्टर ट्राली ने उसके चचेरे भाई को टक्कर मार दी। उधर, गांव मंसूरपुर निवासी धर्मवीर उर्फ विक्की ने बताया कि उनके गांव के ही 34 वर्षीय कुलदीप को कार ने टक्कर मार दी। जिससे कुलदीप की मौत हो गई।

## पोर्टल 31 जनवरी तक के लिए खुला

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार द्वारा स्वामित्व योजना के तहत आमजन की भू-सम्पत्तियों की रजिस्ट्र्यों का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटियों के विवरण के लिए पोर्टल को 31 जनवरी तक के लिए खोल दिया गया है। इसलिए इस अवधि तक संपति सत्यापन और त्रुटि को ठीक करवा सकते हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा लाल डोरा के अन्दर की भू-संपत्तियों का मालिकाना हक देने के लिए स्वामित्व योजना चलाई गई है।

## सूने घर व दुकान से नकदी व सामान चोरी

**यमुनानगर।** जिले में अलग अलग स्थानों पर चोरों ने सूने घर व दुकान को निशाना बनाकर हजारों रुपये की नकदी समेत कीमती सामान चोरी कर लिया। लक्ष्मी नगर निवासी वृति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति बीमार है। वह कुरुक्षेत्र अस्पताल में भर्ती है। गत इस दौरानअस्पताल में गई थी। जब वह देर शाम वापस लौटी तो घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से हजारों रुपये का सामान गायब मिला। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मंदिरों में भंडारों का हुआ आयोजन

# अयोध्या में श्रीरामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर राममय हुआ यमुनानगर, भजन कीर्तन पर झूमे लोग

## जिले में कहीं पर बंटा हलवे का प्रसाद तो कहीं पर हुए हवन यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार को पूरा यमुनानगर राममय हो गया। इस दौरान जिले में जगह-जगह कहीं हलवे का प्रसाद बांटा गया तो कहीं पर हवन यज्ञ और भंडारों के आयोजन किए गए। वहीं, मंदिर में भजन कीर्तनों का आयोजन भी किया गया।



**यमुनानगर।** गांव नाचरौन में ग्रामीण ड्रामेटिक क्लब के सदस्य हलवे का प्रसाद बांटने के दौरान प्रभु श्रीराम लला का गुणगान करते हुए।

### नाचरौन में खेड़ा मंदिर में बंटा हलवे का प्रसाद

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के सदस्यों ने श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार को नाचरौन के खेड़ा मंदिर में पहले हवन किया गया। इसके बाद हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर दीप जलाए गए और प्रभु श्रीराम से पूरे गांव व इलाके की खुशहाली के लिए मंगलकामना की गई। मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, मुकेश राणा, रविंद्र राणा, रवि, यशपाल उर्फ काला व राहुल आदि ने कहा कि करीब पांच सौ सालों के संघर्ष के बाद आज प्रभु श्रीराम अपने महल में विराजे हैं।

उन्होंने भगवान श्रीराम मंदिर के बनाए जाने को लेकर किए गए संघर्ष के दौरान बलिदान देने वाले राम सेवकों को याद किया और उन्हें नमन किया।



**यमुनानगर।** गांव उन्हेड़ी में श्रीराम लला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर हवन-यज्ञ करते हुए ग्रामीण।

### उन्हेड़ी में हुआ हवन यज्ञ व निकाली शोभा यात्रा

उन्हेड़ी में श्रद्धालु रामबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पहले शोभायात्रा निकाली गई। वहीं, हवन यज्ञ किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने आहुतियां अर्पित की।




**यमुनानगर।** गांव करेड़ा खुर्द स्थित श्रीगोपाल मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।

### श्रीगोपाल मंदिर करेड़ा खुर्द में आयोजित हुआ भंडारा

गांव करेहड़ा खुर्द स्थित श्रीगोपाल मंदिर में श्रीराम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले हवन यज्ञ किया गया। मौके पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण राममय हो गया। मौके पर अशोक मानिक टाहला, पारस व योगेश ग्रोवर ने कहा कि भगवान श्रीराम न केवल भारतवर्ष की बल्कि पूरे विश्व की आत्मा हैं।

# अधिवक्ताओं ने किया हवन

- श्रीराम मंदिर में राम लला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन जगाधरी ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी द्वारा श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सोमवार को अधिवक्ता प्रांगण हवन का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला एवं सत्र न्यायधीश शालिनी सिंह नागपाल ने भाग लिया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे।अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट अरुण ढांडा ने की।



**यमुनानगर।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता प्रांगण में हवन यज्ञ में भाग लेते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश शालिनी सिंह नागपाल व अधिवक्ता।

मुख्यातिथि एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश शालिनी सिंह नागपाल ने सभी अधिवक्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट अरुण ढ़ांडा ने भी सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप प्रधान रविन्द्र सिंह संधु, महासचिव अभिषेक बागंड, सहसचिव शानु शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सैनी, पूर्व प्रधान पवन कुमार पूनिया, पूर्व प्रधान यशपाल सिंह रझेड़ी, पूर्व प्रधान रणबीर सिंह खरकाली, पूर्व प्रधान जगीर सिंह देसवाल, पूर्व प्रधान बलविन्द्र सैनी, पूर्व प्रधान रितेश गोयल, जोगिन्द्र भारती, सुशील गर्ग, नरेश खुराना, दिगविजय सिंह खुराना,नीतू सिघंल, आरती नंदा व पूजा आदि मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- श्री लाल द्वारा मंदिर व हनुमान मंदिर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री लाल द्वारा मंदिर यमुनानगर व रामपुरा कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर में सोमवार को अयोध्या में हुए श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर भजन कीर्तन समेत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में ठिठूरती ठंड में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भाग लिया। श्रद्धालु देवेंद्र मेहता ने बताया कि श्री लाल द्वारा मंदिर में सुबह हवन यज्ञ हुआ। जिसमें पंडित गोपाल राज व अन्य विद्वानों ने विधि विधान के साथ आहुतियां डलवाई। इसके बाद मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के भजनों पर जमकर झूमे। इसके बाद लंगर बरताया गया। इस अवसर पर श्री लाल द्वारा मंदिर के प्रधान सतपाल अरोड़ा, कार्यकारी प्रधान रमेश मेहता, वरिष्ठ उप प्रधान योगेश शर्मा व महासचिव सुरजीत मेहता ने सभी सेवकों को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। मौके पर सुदर्शन ऐरी,सुरेंद्र पाल मेहता, रजिंदर सोबती, सुरेंद्र लूथड़ा, प्रदीप चड्ढा, वासुदेव वर्मा, घनश्याम दास शर्मा, पंडित रजनीश शर्मा, पंडित आदेश शास्त्री व संदीप वधवा आदि मौजूद रहे। शहर की रामपुरा कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अयोध्या से सीधा प्रसारण श्रद्धालुओं को दिखाया गया। मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने सभी को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए श्री राम की महिमा पर प्रकाश डाला। बाद में भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर सुरेंद्र मागो, तिलक राज, रोशन लाल उर्फ पप्पू, राकेश शर्मा, अनिल लंबा, दविंदर मेहता, अमित जांबा, महेंद्र शर्मा, रजिंदर भाटिया व पंडित अंकित मुख्य रूप से मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** श्री लाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में श्रद्धालु जय श्रीराम का जयघोष करते हुए। फोटो : हरिभूमि



यमुनानगर के गांव ईशरपुर में शोभा यात्रा के दौरान निकाली गई श्री राम परिवार की आकर्षक झांकी। फोटो : हरिभूमि

# श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शिव मंदिर कमेटी द्वारा यमुनानगर के गांव ईशरपुर में सोमवार को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में भजन कीर्तन कर शोभायात्रा निकाली गई। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार को मंदिर परिसर को सजाया संवारा गया। इस दौरान श्री राम परिवार की प्रतिमा मंदिर में विराजित की गई। गांव की महिला संगीत मंडली ने भजनों के द्वारा संगत को निहाल किया। इसके उपरांत गांव में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भगवान श्री राम परिवार स्वरूप बच्चे बहुत ही मनोकर लग रहे थे। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# कार सेवकों के चरण धोकर की पूजा

- श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर शहर की शिवपुरी कॉलोनी में कार सेवकों के सम्मान में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। श्री राम जन्मभूमि पर उनके मंदिर बनाने को लेकर हजारों कार सेवकों ने योगदान दिया। शहर के भी काफी कार सेवकों ने भी इसमें अपना योगदान दिया। कार सेवकों के सम्मान में सोमवार को शिवपुरी कॉलोनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने वर्ष 1990 व 1992 में अयोध्या में कारसेवा करने वाले कार सेवकों ज्योति प्रसाद, राकेश भट्ट, सुभाष कांबोज, सुतीक्षण जलोटा व बृजलाल के चरण धोए और उनकी पूजा अर्चना की। इस दौरान गोविंदपुरी रोड स्थित मदन चौहान के कार्यालय पर श्री राम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी में प्रसाद वितरित किया गया।

मेयर मदन चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से पांच सौ साल बाद श्री राम अपने महल में लौटे हैं। श्री राम मंदिर के लिए जिन असंख्य कारसेवकों, साधु, संतों ने अपना बलिदान दिया उन्हें नमन है। आज न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी राम भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के इस ऐतिहासिक पल के लिए इन कार सेवकों का शब्दों में आभार नहीं जताया जा सकता। इस शुभ कार्य के लिए हमारे बड़े बुजुगोंर् ने अपने प्राणों को न्यौछावर किया था। जिनके बलिदान के चलते आज भगवान श्रीराम अपने जन्म स्थान पर विराजमान हुए है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रभु श्री राम के 14 साल बाद अयोध्या लौटने पर लोगों ने उस समय दिए जलाकर खुशी मनाई थी। हम भी इस पल को दीपावली की तरह मना रहे हैं। हर शहरवासी इस खुशी में शामिल है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नितिन कपूर, गुलशन,अरविंद शर्मा व शुभम राणा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** आयोजित कार्यक्रम में कार सेवकों के चरण धोते हुए निवर्तमान मेयर मदन चौहान। फोटो : हरिभूमि

## गणतंत्र दिवस भव्य रुप से मनाया जाएगा

**यमुनानगर।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर सोमवार को तेजली खेल परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने की। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिलास्तरीय समारोह को भव्य रुप से मनाए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन तेजली खेल परिसर में किया जाएगा। यदि बरसात हुई तो यह कार्यक्रम अनाज मंडी जगाधरी में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट परेड की सलामी लेंगे।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य पूर्ण ढंग से आयोजित करने के लिए सभी अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें। जिस अधिकारी एंव विभाग को जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएं।



# नागल गांव में हवन का किया आयोजन

- श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को गांव नागल में ग्रामीणों की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व ग्रामीणों की ओर से हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी की सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर महेंद्र चानना नागल ने कहा कि भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में खुशी की लहर है। इसी कड़ी में गांव में भी श्रद्वालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी श्रद्वालुओं ने बड़े ही प्रेमभाव से प्रसाद ग्रहण कर राम नाम का जाप किया। खेड़की ब्राहमणा में हुआ हवन यज्ञ श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की ख़ुशी में शिव मंदिर खेड़की ब्राह्मणा में सोमवार को ग्रामीणों ने हवन यज्ञ का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. ऋषिपाल सैनी ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया। ग्रामीणों के साथ वैदिक मंत्रों के साथ हवन यज्ञ में आहुति डाली। हवन यज्ञ के समापन के बाद गांव के घर घर में लड्डू वितरण कर खुशियां मनाई गई।

# श्रीराम का पंचद्रव्य से किया अभिषेक

- अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर शहर के यमुना घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर में किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार को शहर के यमुना घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर में धार्मिक संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर भगवान श्रीराम का पंचद्रव्य से अभिषेक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता योग शिक्षक दीपक बडोला ने की। योग शिक्षक दीपक बडोला ने बताया कि शहर के यमुना घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर में सोमवार को सबसे पहले पंडित राजेश शास्त्री ने विधिवत गणेश पूजन करवाया। इसके बाद मंदिर में विराजे भगवान श्रीराम का पंचद्रव्य दूध, दही, घी, शहद व शक्कर द्वारा अभिषेक किया गया है। मौके पर दीपक बडोला व पंडित माधवानंद मुख्य यजमान के रूप में मौजूद रहे। पंडित राजेश शास्त्री ने कहा की आज भारत के साथ साथ यमुनानगर भी राममय हो गया है। आज पांच सौ साल बाद हिन्दुओं की व सनातन धर्म की जीत हुई है। अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने से पूरा यमुनानगर शहर दीपवली पर्व की तरह खुशियां मना रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालु नरेश गुप्ता, श्रीकांत चौहान, नरेश वर्मा, प्रीति विश्वास, व अमित आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुना घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर में भगवान श्रीराम का पंचद्रव्य से स्नान करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## जहां कभी बरसाई थी गोलियां, आज उसी स्थान पर हुई पुष्प वर्षा : कंवरपाल

# अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा से नए युग की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने से आज नए युग की शुरुआत हो गई है। इससे पहले उन्होंने अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा और भावुक हो गए। उन्होंने सोमवार को लाइव प्रसारण देखने के बाद विभिन्न मंदिरों में आयोजित किए गए कार्यक्रमों में भाग लिया और वहां चल रहे लंगर को बरताया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जहां पर श्रीराम मंदिर को लेकर एक दिन संघर्ष चल रहा था और रामसेवकों पर गोलियां भांजी जा रही थी, आज उसी स्थान पर पुष्प वर्षा हो रही है। यह दृष्य कितना विहंगम रहा है जिसकी कल्पना करना मुश्किल है। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आज इस ऐतिहासिक क्षण को देख कर मन बहुत भावुक है। निश्चिल ही पूरी दुनिया भी ऐसे ही भावुक होगी। एक समय वह था जब अयोध्या में राम मंदिर के लिए संघर्ष हो रहा था। आज यह वही स्थान है जहां पर पुष्प वर्षा हो रही है। 500 साल बाद श्रीराम अपने महल में लौटे हैं। श्री राम मंदिर के लिए जिन असंख्य कारसेवकों, साधु व संतों ने अपना बलिदान दिया वह उन्हें नमन करते हैं। आज न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी राम भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। विदेशों में श्रीराम के झंडे लगाकर कार रैलियां निकाली जा रही हैं। जगह जगह शोभा यात्राएं भी निकाली जा रही हैं। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जब वह प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देख रहे थे तो टीवी पर अयोध्या में साध्वी ऋतंभरा व उमा भारती को एक दूसरे के गले मिलते देखा। वह बहुत भावुक कर देने वाला क्षण था। क्योंकि जब अयोध्या में कार सेवकों ने विवादित ढांचा गिराया था तब भी वह दोनों ऐसे ही भावुक होकर एक दूसरे के गले मिली थी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमारे बुजुगोंर् की सोच थी कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी। वाकई यह सच होने वाला है। यह मील का पत्थर मुझे दिखाई दे रहा है। सारी दुनिया में संदेश जाएगा कि जो विचार भारत के पास है वह श्रीराम के हैं। आज श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई और राम मंदिर का निर्माण हुआ वह श्री राम के आशीर्वाद से हुआ है। आज ऐसा महसूस हो रहा है कि एक नए युग की शुरूआत हो रही है। इससे पहले शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी के शिव मंदिर, वीर नगर स्थित मंदिर, वार्ड छह में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। मौके पर उन्होंने जगाधरी के प्राचीन श्री खेड़ा मंदिर में आयोजित किए जा रहे लंगर को बरताया।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के जगाधरी स्थित श्री प्राचीन खेड़ा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित लंगर को बरताते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

## खबर संक्षेप



### प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चढ़ा भक्ति का रंग

**कुरुक्षेत्र।** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा सोमवार को श्री श्याम मंदिर में भव्य राम दरबार मूर्ति स्थापना अनुष्ठान संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि श्याम मंदिर में आज श्री राम दरबार मूर्ति स्थापना का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न हुआ।



### कुंटिया कर्मियों ने धूमधाम से मनाया महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** श्रीराम नगरी अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कुरूक्षेत्र विवि गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के द्वारा भी इस महा पर्व को महा दीपावली के रूप में बड़े हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ बडी धूमधाम से मनाया गया। कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर ने बताया कि इस पर्व के अवसर पर नान टीचिंग क्लब को फूलों से सजाया गया व रंग-बिरंगी लाईटों की जगमगाहट से दीपावली मनाई गई। विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने नान-टीचिंग क्लब में पहुंचकर सभी कर्मचारियों को रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुभकामानाएं दी।

### स्वामी रोशन पुरी का हुआ निधन

**कुरुक्षेत्र।** श्रीस्थानेश्वर महादेव मंदिर थानेसर कुरुक्षेत्र व्यवस्थापक स्वामी रोशन पुरी काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। सोमवार 22 जनवरी को उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण चंडीगढ़ के अस्पताल में उन्होंने दोपहर को अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही शहर के गणमान्यजनों और संत समाज ने दुख व्यक्त किया।



### गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र में आयोजित किया गया सुंदरकांड का पाठ

# देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया रामलला का घर वापिस आना : नायब

- श्री रामलला के विराजमान होने के ऐतिहासिक क्षणों को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा : सांसद नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि 500 सालों के लंबे अर्से के बाद भगवान श्री राम अयोध्या में फिर से अपने घर में विराजमान हो गए है। यह लम्हे देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे गए है और युगों-युगों तक इन ऐतिहासिक क्षणों को याद रखा जाएगा। इस पावन पर्व पर अयोध्या में भव्य और शानदार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के साथ देश-दुनिया के करोड़ों लोग जुड़े रहे। इतना ही नहीं देश के हर मंदिर, शहर और गांवों में जगह-जगह सुंदर कांड पाठ, श्रीराम कथा, श्रीराम यात्रा और भंडारों का आयोजन किया गया। खास बात यह है कि लोगों ने अयोध्या के ऐतिहासिक कार्यक्रम को देखने के लिए स्वयं बड़ी-बड़ी स्क्रीने भी लगाने का काम किया। इन तमाम कार्यक्रमों से देश-दुनिया का पूरा वातावरण राममय हो गया। प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी सोमवार को गीता ज्ञान संस्थानम में श्री राम लला के घर वापिस आने पर श्री कृष्ण कृपा परिवार व जिओ गीता परिवार की तरफ से धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे। इससे पहले दोनों संस्थाओं की तरफ से संस्थानम के परिसर में श्रीश्री कृपा बिहारी जी मंदिर में आयोजित सुंदर कांड पाठ कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, केडीबी के पूर्व सदस्य विजय नरुला सहित संस्थान के पदाधिकारियों व हजारों श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया और पूजा अर्चना की है। इसके बाद संस्थानम में भंडारे का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## भगवान श्रीराम भारत एवं भारतीय संस्कृति के प्रतीकः प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि बहुत संघर्षो व कई पीढ़ियों, राम भक्तों के बलिदान के बाद आज भगवान राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा का दिन देखने का हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भगवान राम भारत और भारतीय संस्कृति के प्रतीक है। भगवान राम का जीवन हमें बहुत कुछ सिखाता है हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। वे सोमवार को सीनेट हॉल में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अयोध्या में किए गए श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि श्रीराम का जीवन आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति का प्रतीक है। उनके जीवन से समाज के वंचित वर्गो के साथ सामाजिक समरसता स्थापित करने के उदाहरण हमें देखने का मिलता है। भगवान राम से धमार्नुसार जीवन को जीने तथा जीवन में चुनौतियों को स्वीकार कर उनसे पार पाने व दुश्मन के प्रति आदर का भाव रखने प्रेरणा भी हमें मिलती है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. अनिल वोहरा, प्रो. एसके चहल, प्रो. राम विरंजन, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. विवेक चावला, प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. कुसमलता, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. रामनिवास, प्रो. सुनीता सिरोही, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. अनिता भटनागर, डॉ. दीपक राय बब्बर आदि माजूद रहे।

## रामलला का विराजमान होना देश के लिए गौरव का पल



लाडवा। पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

हरिभूमि न्यूज ⏩ लाडवा

लाडवा-बाबैन मार्ग पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर पर सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्री राम की प्रतिमा की स्थापना को लेकर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंदिर के प्रधान रामकुमार सैनी ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर मंदिर परिसर में एक हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वही समाजसेवी संदीप गर्ग ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आज बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि हमारे देश में लगभग 500 से भी अधिक वर्ष बीत जाने के बाद अयोध्या में श्री राम लला जी की मूर्ति की स्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है और सोमवार के दिन पूरे देश में दीपावली के रूप में मनाया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर प्रधानः भगत रामकुमार सैनी, प्रदीप, सचिन, रवि, मोहित, दिनेश, रामेश्वर, विशाल, करनैल आदि मौजूद थे।

### श्रीराम के चरित्र को अपने मन में धारण करें : दीपक

**कुरुक्षेत्र।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कुरुक्षेत्र सेनेटरी एवं टाइल्स एसोसियेशन के प्रधान दीपक बहल ने कहा कि श्रीराम मयार्दा पुरूषोत्तम हैं और हर व्यक्ति को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। बहल ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभ कामनाएं देते हुए सभी को श्री राम को आदर्श मानते हुए जीवन जीने के लिए कहा। उन्होंने धर्म के मार्ग को ही जीवन में सफलता के लिए उपयुक्त बताया। उन्होंने श्रीराम के चरित्र को अपने मन और जीवन में धारण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसोसियेशन द्वारा लडडू बांट कर खुशी का इजहार किया गया। एसोसियेशन के उपप्रधान पंकज चौधरी, सचिव मिलाप गुप्ता, कैशियर राजेश गोयल, सुमित गोयल, निखिल मदान, धर्मवीर चौधरी, जितेन्द्र मलिक, सतीश सैनी, दीपक सरीन, सचिन गर्ग, सुनील अग्रवाल, अमन अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, हिमांशु आदि ने कहा कि सभी अपने घरों पर इस अवसर को दीवाली की तरह मनाएंगे।

## महर्षि वाल्मीकि द्वार का हुआ शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏩ पिहोवा।



अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा। इस दौरान राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने भी क्षेत्र को महर्षि वाल्मीकि द्वारा की सौगात देते हुए इस कार्य का शिलान्यास किया। राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि वाल्मिकी कॉलोनी के मोड पर लगभग 15 लाख रुपए की लागत से यह द्वार बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम आ रहे हैं तो ऐसे में हम सब का दायित्व बनता है कि महर्षि वाल्मीकि जी जो रामायण के रचयिता हैं। उनको समर्पित एक सौगात दी जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राम मंदिर स्वप्न को साकार होते देख यहां के लोगों के लिए भी भव्य एवं आधुनिक तरीके से महर्षि वाल्मीकि गेट बनाया जाएगा। इस मौके पर 36 बिरादरी समाज की ओर से राज्य मंत्री का जोरदार अभिनंदन किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने अयोध्या में हुए भगवान श्रीराम मंदिर के भव्य कार्यक्रम को लेकर भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मेन चौक पर राज्य मंत्री ने सैकड़ों राम भक्तों के साथ प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम को देखा। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई। राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 वर्षो से प्रतीक्षा कर रहे करोड़ों देशवासियों को एक सौभाग्यशाली पाल दिया है।

### टीवी पूजन कर मनाया प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** ऐतिहासिक दिन जब 500 वर्ष बाद अयोध्या के भव्य नवनिर्मित मंदिर में राम लला विराजमान और प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। उसी के अनुरूप हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ माँ भद्रकाली मंदिर में भी यह महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर हॉल में श्री राम दरबार के समक्ष फूलों व गुब्बारों की सज्जा के बीच श्री राम की भक्ति में झूमते भक्त बहुत ही आनंदित दिखाई दिए। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने प्रतिष्ठा के समय प्रथम दर्शन कर पुष्प माला टीवी पर अर्पित की व सभी भक्तों ने टीवी पर पुष्प वर्षा कर रामलाल का स्वागत किया। यह वैसा ही नजारा था जैसा 1990 में रामायण सीरियल के दौरान देखने को मिलता था।

## श्रीराम के चरित्र से लें सबकःधुमन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र



हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि राम मंदिर के लिए कई सदियों से चल रहा इंतजार आज पूरा हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या धाम में बने राम मंदिर में राम लला के विराजमान समारोह में मुख्य यजमान के रूप में शिरकत कर धार्मिक रस्म निभाई है। भगवान राम हमारे मन में बसे हैं, हमारी संस्कृति के आधार हैं। राम मंदिर का निर्माण कई पीढियों के अखंड तप, त्याग और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर राष्ट्रीय एकता, संस्कृति और सभी समुदायों का प्रतीक है। बोर्ड उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच सोमवार को कोर्ट परिसर में अधिवक्ता परिषद की तरफ से अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, समाज सेवी आत्मप्रकाश मनचंदा सहित सभी अधिवक्ताओं ने अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लाईव देखा। बोर्ड उपाध्यक्ष ने कहा कि आज के दिन को देश के लिए बड़ा और ऐतिहासिक दिन है। इसके लिए करोड़ों हिंदुओं ने मंदिर निर्माण के लिए संघर्ष और बलिदान किया है, जिसके फलस्वरूप आज मंदिर ने साकार रूप लिया है। श्रीराम के नाम की तरह ही अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत का प्रतीक है और पूरी मानवता को प्रेरणा तथा मार्गदर्शन देता रहेगा।

## तालाब से निकाला 40 किलो प्लास्टिक कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र



पर्यावरण सरंक्षण में कार्यरत ग्रीन अर्थ संगठन और सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम महिला महा विद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन गांव कमोदा के श्री काम्यकेश्वर महादेव मंदिर एवं तीर्थ पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस दौरान मंदिर परिसर में सफाई की गई तथा पवित्र तालाब से करीब 40 किलो प्लास्टिक कचरा निकाला गया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ ममता वालिया ने बताया कि मंदिर परिसर में एनएसएस इकाई का कैंप लगा कर सफाई की गई। इस दौरान डॉ नरेश भारद्वाज ने वालंटियर्स को ठोस कचरा प्रबंधन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रबंधन बारे ट्रेनिंग सेशन किया। सेशन के दौरान प्लास्टिक एवं अन्य कचरा के नुकसान व प्रबंधन के तरीके, स्वास्थ्य एवं स्वच्छत्ता की महत्ता बारे बताया गया। डॉ नरेश भारद्वाज ने बताया कि हर व्यक्ति के प्रयास से ही हमारा पर्यावरण स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाया जा सकता है। हमे सिंगल यूज प्लास्टिक (जो कैंसर जैसी जानलेवा बिमारी का कारण है) छोड़ना जरूरी है। हमे कोई भी कचरा या पूजा सामग्री जल में नहीं डालनी चाहिए, कचरा नहीं जलाना तथा अपने तीर्थों को सिंगल यूज प्लास्टिक- कचरा मुक्त एवं स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

## लापरवाही से सड़क दुर्घटना में मृत्यु मामले में आरोपी को एक साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजलि नरवाल की अदालत ने चालक की लापरवाही से सडक दुर्घटना में मृत्यु करने मामले में दोषी सतबीर सिंह पुत्र जिले सिंह वासी भवानीखेडा जिला भिवानी को 1 साल कारावास व 1 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए सहायक जिला न्यायवादी ने बताया कि गुरनाम सिंह पुत्र हरि राम वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दिए अपने ब्यान में बताया कि वह 28 सितम्बर 2017 को समय करीब 10-30 सुबह के निजी काम से मोटरसाईकिल पर बारना से कुरुक्षेत्र जा रहा था। उसके आगे उसका लडका अभिषेक मोटरसाईकिल नम्बर एचआर-05ई-8781 पर जा रहा था। जब वह ढाण्ड रोड पर खानपुर रोडान के नजदीक बाजीगर डेरा के पास पहुंचे तो पीछे से एक ट्राला एनएल-01एन-5830 के ड्राईवर ने अपने ट्राले को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाकर सीधी टक्कर उसके लडके अभिषेक की मोटरसाईकिल में मारी। टक्कर लगते ही मोटरसाईकिल सहित उसका लडका अभिषेक ट्राले के टायरों में घिसटता हुआ काफी दूर तक गया। ट्राला चालक ने उसके लडके को मोटरसाईकिल सहित कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर भंडारे का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर एवं उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र रेलवे रोड पर रामभक्त हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा, मदन लाल बंसल (अनंत राम मदन लाल), वरदान बंसल, सुरेश अरोड़ा (अरोड़ा गिफ्ट हाऊस) द्वारा एक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आलू, पूरी व हलवा का प्रसाद विततिर किया गया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस शुभ घडी के अवसर पर भगवान श्रीराम के भजनों से आसपास का वातावरण राममय हो गया। रामकुमार रंबा ने कहा कि पिछले 500 सालों से करोड़ों लोग इस शुभ घड़ी का इंतजार कर रहे थे।



### श्रीराम मंदिर पिपली में रामायण पाठ का आयोजन

**थानेसर।** श्रीराम मंदिर पिपली में सोमवार को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में रामोत्सव आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित राजीव कौशिक ने बताया कि तीन दिवसीय रामोत्सव के अवसर पर श्री राम शोभायात्रा, श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ, हनुमान जी का अभिषेक, भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन की सभी व्यवस्थाएं समस्त पिपलीवासियों के सहयोग से श्री राम मंदिर सेवा समिति द्वारा की गई जिसमें विशेषतः 501 किलो लड्डूओं का महाप्रसाद पिपलीवासियों को वितरित किया गया। पूरे मंदिर परिसर एवं बाजारों व गलियों को श्री राम पताकाओं, फूलों की लड़ियों एवं रंगबिरंगी बिजली की लड़ियों से सुसज्जित किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा भव्य आतिशबाजी करते हुए दीपोत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर श्री राम मंदिर महिला मंडल द्वारा भगवान राम का संकीर्तन किया गया। श्रीराम आरती में श्री राम मंदिर सेवा समिति के प्रधान प्रवीण कुमार रहेजा, सचिव चरणजीत मेंहदीरत्ता, रामनारायण मदान, जगदीश शर्मा, कमल अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को दो साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र श्री अमरिन्द्र शर्मा की विशेष अदालत 1985अन्तर्गत एनडीपीएस एक्ट ने नशीला पदार्थ रखने के मामले में दोषी शशि उर्फ सुशील पुत्र शिव दयाल वासी इंद्रा कालोनी शौरगिर बस्ती थानेसर कुरुक्षेत्र को 2 साल कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। जानकारी देते हुए सहायक जिला न्यायवादी कर्मबीर ने बताया कि 14 मार्च 2019 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के उप निरीक्षक सुभाष चन्द की टीम अपराध की तलाश व गस्त के सम्बन्ध में मोहन नगर कुरुक्षेत्र से होते हुए नजदीक कण्डा चौंक शौरगिर बस्ती के सामने सडक पर पहुंची। पुलिस टीम ने शक के आधार पर गोल बैंक चौंक की तरफ से पैदल आ रहे शशि उर्फ सुशील पुत्र शिव दयाल वासी ईन्द्रा कालोनी शौरगिर बस्ती थानेसर कुरुक्षेत्र को काबू करके शक के आधार पर चैक किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना शहर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके ने अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक प्रेम चन्द ने आरोपी शशि उर्फ सुशील को मामले में गिरफ्तार कर लिया था।

### ट्रांसफार्मर सामान चोरी दो को कठोर कारावास

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र आशु कुमार जैन की अदालत ने रास्ता रोककर असला से फायर करके लूट के तीन आरोपियों को कठोर कारावास व जुमार्ने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश आशु कुमार जैन की अदालत ने रास्ता रोककर असला से फायर करके लूट करने के आरोप में नरेन्द्र कुमार पुत्र पूर्ण चन्द वासी बुबका थाना रादौर जिला यमुनानगर, पवन कुमार उर्फ सोनू राणा पुत्र आनन्द कुमार वासी मंगलपुरी मेरठ कैन्ट यूपी व आदित्य उर्फ अजय उर्फ हिटलर पुत्र सुरेन्द्र सिंह वासी काजमाबाद गून जिला मेरठ यूपी को 10/10 वर्ष कठोर कारावास व 25/25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

### श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चढ़ा भक्ति का रंग

## एनआईटी में हुआ हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र



राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान के प्रांगण में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. बी. वी. रमण रेड्डी के मार्गदर्शन में संस्थान में हवन का आयोजन किया गया। संस्थान में हवन के साथ-साथ अयोध्या से श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण संस्थान के जुबली हॉल में किया गया। हवन में डीन छात्र कल्याण प्रो. दीक्षित गर्ग, डीन संकाय कल्याण, प्रो. एस.एम. गुप्ता, डीन पी एंड डी प्रो. वी.पी. सिंह, प्रो. पी.सी. तिवारी, प्रो. राजेश अग्रवाल, प्रो.लिली दीवान, प्रो. अश्वनी कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. रितु, डॉ. गीता सचदेवा, डॉ. शबनम, डॉ. शाहिदा, डॉ. चेट्टी प्रभाकर, डॉ. विजय वर्मा, डॉ. योगिता, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. दिलबाग पांचाल, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. अंशू पाराशर, डॉ. .लव कुमार, डॉ. चन्द्र शेखर, देवेन्द्र गौड़, डॉ. जगन्नाथ, अनिल दहिया, राधा कृष्ण, रेनू, ममता सहित बहुत से शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने आहुति डाली। प्रोफेसर दीक्षित गर्ग ने कहा कि श्री राम मयार्दा पुरूषोत्तम हैं और हर व्यक्ति को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रो. एस.एम. गुप्ता ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभ कामनाएं देते हुए सभी को श्री राम को आदर्श मानते हुए जीवन जीने के लिए कहा। प्रो. पी. सी. तिवारी ने धर्म के मार्ग को ही जीवन में सफलता के लिए उपयुक्त बताया। प्रो. लिली दीवान ने श्री राम के चरित्र को अपने मन और जीवन में धारण करने का आह्वान किया। हवन के बाद संस्थान के छात्रों ने श्री वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर जाकर 1016 दीपक प्रजवल्लित किए और श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को हर्ष उल्लास से मनाया।

### रैली से किया श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की खुशी का इजहार

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में अयोध्या स्थित नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने जिस उत्साह से भाग लिया वह देखते ही बनता था। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा तथा प्रबंधक समिति की प्रधान शांति देवी ने जय श्री राम के उदघोष के साथ विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर से रैली के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर बी.डी. गाबा ने बताया कि आज का दिन भारत के लिए विशेष है आज अयोध्या स्थित नवनिर्मित श्री राम मंदिर का उदघाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है।इसमें श्रीराम की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा की गई।

